## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक– 01.05.2025** **(दोपहर–1455 बजे)**

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुंबई के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि यहां वेव्स शब्द से तात्पर्य है संस्कृति, रचनात्मकता और विश्व से जुडने की लहर। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक मंच है जो कलाकारों और रचनाकारों के नये विचारों को बढ़ावा देगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वेव्स सम्मेलन में सौ से अधिक देशों के कलाकार, नवोन्मेषक, निवेशक तथा नीति निर्माता एक मंच पर साथ आये हैं।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज राजभवन में गुजरात और महाराष्ट्र स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में दोनों राज्यों के नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। इस समारोह में जम्मू–कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संकल्प दोहराया गया।

राज्यपाल ने कहा कि गुजरात और महाराष्ट्र का भारत के स्वतंत्रता संग्राम, औद्योगिक विकास और सांस्कृतिक समरसता में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने झारखंड में रह रहे इन राज्यों के नागरिकों की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक भागीदारी की सराहना की।

कार्यक्रम में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को सुदृढ़ करने पर बल देते हुए सभी से अपनी कर्मभूमि के विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया गया।

******************

रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में ई–फाइलिंग को बढ़ावा देने के लिए अधिवक्ताओं और अधिवक्ता लिपिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

******************

झारखंड एटीएस ने आतंकवादी संगठन हिज़्ब–उत्त–तहरीर से जुड़े एक नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 5 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इनमें खूंटी जिले का रहने वाला वसीम याकूब भी शामिल है, जो पहले इंडियन मुजाहिदीन से जुड़ा था और दस साल जेल में रहने के बाद मई 2024 में जमानत पर रिहा हुआ था। सभी आरोपी राज्य के विभिन्न जिलों में कट्टरपंथी संगठनों से जुड़कर प्रचार, भर्ती और अवैध फंडिंग में शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों के पास से भारी मात्रा में आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए गए हैं, और मामला यूएपीए एक्ट के तहत दर्ज किया गया है।

******************

हजारीबाग के बड़कागांव में विस्थापित महिलाओं का समूह लाह की चूड़ी बनाने का काम कर रहा है।

******************

मौसम केंद्र ने अगले 3 घंटों में रांची, गढ़वा, जामताड़ा और रामगढ़ जिलों के कुछ क्षेत्रों में हल्के से मध्यम गर्जन, बारिश और 30 से 40 किलो मीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने अपील की है कि लोग और बिजली के खंभों से दूर रहें और किसान बिजली कड़कने के समय खेतों में काम न करें।

******************

आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से मुकाबला होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। सभी की निगाहें फिर से 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी पर होंगी, जिन्होंने अपने पिछले मैच में 35 गेंदों में रिकॉर्ड तोड़ शतक लगाकर क्रिकेट जगत को चौंका दिया था।